महिला एवं बाल विकास विभाग

# कार्यालय कलेक्टर
(महिला एवं बाल विकास विभाग)
पांच बिल्डिंग परिसर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
Phone No. :- 0788-2323704, E-Mail ID :- dpodurg@gmail.com

क्र./ 397 /मबावि/मिशन वात्सल्य/2023–24 दुर्ग, दिनांक 07.07.2023

## जिला बाल संरक्षण इकाई/बाल सम्प्रेक्षण गृह/बालगृह (मबावि) आदि में रिक्त पदों हेतु पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण इकाई जिला दुर्ग मे मिशन वात्सल्य के तहत रिक्त पदों हेतु संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीपीएस) के पत्र कमांक/1521/894/मबावि/एससीपीएस/2ए/23–24 दिनांक 19.05.2023 में प्रदत्त स्वीकृति के अनुरूप संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से **दिनांक 28.07.2023 तक** केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्त पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | संविदा वेतन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 01 | 44023/–प्रतिमाह | संविदा |
| 2 | संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखभाल) (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 01 | 27804/–प्रतिमाह | संविदा |
| 3 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 01 | 27804/–प्रतिमाह | संविदा |
| 4 | लेखापाल (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 01 | 18536/–प्रतिमाह | संविदा |
| 5 | आउटरीच वर्कर (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 01 | 10592/–प्रतिमाह | संविदा |
| 6 | परिवीक्षा अधिकारी/केसवर्कर (प्लेस ऑफ सेफ्टी) | 01 | 23170/–प्रतिमाह | संविदा |
| 7 | स्टोर कीपर सह लेखापाल (शा. बाल सम्प्रेक्षण गृह) | 01 | 18536/–प्रतिमाह | संविदा |
| 8 | रसोईया (शा. बालगृह) | 01 | 9930/–प्रतिमाह | संविदा |
| 9 | सहायक रसोईया (शा. बाल सम्प्रेक्षण गृह) | 01 | 7944/–प्रतिमाह | संविदा |
| 10 | सहायक रसोईया (शा. विशेष गृह) | 01 | 7944/–प्रतिमाह | संविदा |
| | योग | 10 | | |

## जिला स्तरीय/संस्थागत पद हेतु पदवार आरक्षण सहित पदों का विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | पदनाम | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अपिव | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 1 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखभाल) | 1 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी | 1 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | लेखापाल | 1 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | आउटरीच वर्कर (जिला बाल संरक्षण इकाई) | 0 | 01 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | परिवीक्षा अधिकारी/केसवर्कर (प्लेस ऑफ सेफ्टी) | 01 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 7 | स्टोरकीपर सह लेखापाल (शा. बाल सम्प्रेक्षण गृह) | 01 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | रसोईया (शा. बालगृह) | 01 | 00 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | सहायक रसोईया (शा. बाल सम्प्रेक्षण गृह) | 01 | 00 | 00 | 00 | 1 |
| 10 | सहायक रसोईया (शा. विशेष गृह) | 01 | 00 | 00 | 00 | 1 |

**उपरोक्त पदों के लिए वांछनीय शैक्षणिक योग्यता/अनुभव का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क | पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/समाज विज्ञान/विधि या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नाकोत्तर | कम्प्यूटर पर एम.एस.आफिस/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए | शासकीय/अर्द्धशासकीय/अंतराष्ट्रीय एजेन्सियों/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन में बच्चों की देखरेख/संरक्षण/पुनर्वास विषय पर कम से कम 3 वर्ष का कार्यानुभव। | हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का सामान्य ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो। |
| 2 | संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखभाल) | समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर अथवा विधि में स्नातक | कम्प्यूटर पर एम.एस.आफिस/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए | शासकीय/अर्द्धशासकीय/अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, में बच्चों की देखरेख/संरक्षण/पुर्नवास/बाल कल्याण के क्षेत्र में 2 वर्ष का कार्यानुभव/ विधि स्नातक आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी। | हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का सामान्य ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो। |
| 3 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय में विधि स्नातक | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य | शासकीय/अर्द्धशासकीय/अंर्तराष्ट्रीय एजेन्सियों/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, में बच्चों की | हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का सामान्य |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | करने में सक्षम होना चाहिए | देखरेख / संरक्षण / पुर्नवास / बाल कल्याण के क्षेत्र में 2 वर्ष का कार्यानुभव | ज्ञान व कार्य करने में दक्ष हो। |
| 4 | लेखापाल | किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से गणित अथवा कामर्स विषय में स्नातक | कम्प्यूटर पर लेखाकार्य एवं टैली साफ्टवेयर पर कार्य करने में दक्ष होना अनिवार्य है | शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेंन्सियों / शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, आदि में लेखाकार्य एवं टैली साफ्टवेयर में 1 वर्ष का कार्यानुभव | हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का सामान्य ज्ञान व कार्य करने में दक्ष |
| 5 | परिवीक्षा अधिकारी | समाज शास्त्र / मनोविज्ञान / समाज विज्ञान या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातकोत्तर अथवा विधि में स्नातक | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए | शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेंन्सियों / शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, बच्चों की देखरेख / संरक्षण / पुर्नवास / बाल कल्याण के क्षेत्र में 2 वर्ष का कार्यानुभव | हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा का सामान्य ज्ञान व कार्य करने में दक्ष |
| 6 | स्टोर कीपर सह लेखापाल | किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से गणित अथवा कामर्स विषय में स्नातक | कम्प्यूटर पर लेखाकार्य एवं टैली साफ्टवेयर पर कार्य करने में सक्षम हो | शासकीय / अर्द्धशासकीय / अंतर्राष्ट्रीय एजेंन्सियों / शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखरेख संस्थाओं, चाईल्ड लाईन, आदि में लेखाकार्य एवं टैली साफ्टवेयर में 1 वर्ष का कार्यानुभव | हिन्दी भाषा का सामान्य ज्ञान व कार्य करने में दक्ष |
| 7 | आउटरीच वर्कर | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / मण्डल से 12 वी उत्तीर्ण | कम्प्यूटर पर एम. एस. आफिस / वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए | शासकीय / अर्द्धशासकीय / प्रतिष्ठित निजी संस्थान में बाल देखरेख / संरक्षण / पुनर्वास / बाल कल्याण विषय पर कार्य का अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी | हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का सामान्य ज्ञान |
| 8 | रसोईया | आठवी उत्तीर्ण | — | किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी प्रतिष्ठित संस्थान रसोईया के रूप में कार्यानुभव को प्राथमिकता। | हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान |
| 9 | सहायक रसोईया | पांचवी पास | — | किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय / निजी प्रतिष्ठित संस्थान में रसोईया के रूप में कार्यानुभव को प्राथमिकता। | हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान |

टीपः—1. संबंधित संस्था / प्रतिष्ठान द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र के कार्य वर्षो का मानदेय / वेतन भुगतान से संबंधित अभिलेख संस्था प्रमुख द्वारा हस्ताक्षरयुक्त सत्यप्रति साथ में अनिवार्यतः संलग्न करें।

2. बाल सम्प्रेक्षण गृह/प्लेस ऑफ सेफ्टी/ विशेष गृह के पदों में **केवल पुरूष उम्मीदवार** ही पात्र होगें।

**आवेदन प्रपत्र www.durg.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है :-**

निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र को कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, पांच बिल्डिंग परिसर, दुर्ग में निर्धारित तिथि तक **(केवल रजिस्टर्ड पोस्ट/पंजीकृत डाक अथवा कुरियर के माध्यम से)** प्रस्तुत करना होगा। आवेदन की **अंतिम तिथि** 28.07.2023 है। **आवेदक को प्रत्येक पद के लिए पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।**

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्ते :-

1. संविदा नियुक्ति 1 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा पर नियुक्ति व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा अवधि आगे बढ़ाने का निर्णय कलेक्टर महोदय दुर्ग द्वारा लिया जा सकेगा, **अन्यथा की स्थिति में संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।**
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन उपादान भत्ता मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. **आवेदक की आयु दिनांक 1 जनवरी 2023 की स्थिति मे न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए** तथा संस्था स्तरीय पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी। अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।
5. **अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।** इस हेतु सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होना चाहिए।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्वप्रमाणित होना चाहिए।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी एवं स्वप्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करना होगा।
9. **शासकीय/अर्द्धशसकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र के साथ नियोक्ता का अद्यतन अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है,** अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा।
10. **ऐसे आवेदक जिन्हे पूर्व में किसी भी शासकीय सेवा (नियमित, संविदा, मानदेय आदि) के कार्य से बर्खास्त/पृथक किया गया हो, वे आवेदक अयोग्य माने जाएगें एवं उनका आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।**
11. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकार करते हुए ऐसे आवेदक को की प्रारंभिक सूची में ही अपात्र कर दिया जाएगा। **आवेदक पद हेतु आवेदन करने से पूर्व अपेक्षित निर्धारित**

योग्यता (क्षैक्षणिक/अनुभव संबंधित) समस्त अभिलेखों का परीक्षण कर आवेदन के साथ अभिलेख संलग्न करें। आवेदन के साथ संलग्न अभिलेख के अतिरिक्त अन्य कोई भी नये अभिलेख चयन के किसी भी स्तर पर स्वीकार नही किए जाएंगें।

12. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।

13. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। आवेदन पत्र जिला कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी अनिवार्यतः संलग्न करें।

14. प्रत्येक आवेदक को आवेदन पत्र प्रेषित करने वाले लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरों में "आवेदित पद का नाम" एवं बाई ओर नीचे अपना पूर्ण पता एवं मोबाईल नम्बर लिखना अनिवार्य होगा। ऐसा न पाये जाने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

15. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक आवेदक को प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन पृथक–पृथक लिफाफों में भरकर प्रस्तुत करना होगा।

### उपरोक्त पदों पर चयन की प्रकिया निम्नानुसार रहेगी

| कमांक | पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|---|
| 1 | जिला बाल संरक्षण अधिकारी | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक ,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक दिये जायेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। तथा<br>3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे।<br>4. उत्कृष्ट राष्ट्रीय/अंर्तराष्ट्रीय संस्थाओं के उपाधि धारक को चयन में वरीयता दी जायेगी। (सामान अंक प्राप्त होने पर) |
| 2 | संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखभाल) | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक ,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक दिये जायेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। तथा<br>3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे।<br>4. उत्कृष्ट राष्ट्रीय/अंर्तराष्ट्रीय संस्थाओं के उपाधि धारक को चयन में वरीयता दी जायेगी। (सामान अंक प्राप्त होने पर) |
| 3 | विधिक सह परीवीक्षा अधिकारी | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक ,<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक दिये जायेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। तथा<br>3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे।<br>4. उत्कृष्ट राष्ट्रीय/अंर्तराष्ट्रीय संस्थाओं के उपाधि धारक को चयन में वरीयता दी जायेगी। (सामान अंक प्राप्त होने पर) |

| क्रमांक | पदनाम | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 4 | परिवीक्षा अधिकारी | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 70 अंक ,<br>2. पीजीडीसीए या अन्य अतिरिक्त व्यवसायिक योग्यता के लिए 10 अंक<br>3. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 20 अंक दिये जायेंगे। |
| 5 | लेखापाल (स्टोरकीपर सह लेखापाल) | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक<br>2. पदानुरूप अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे।<br>3. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट से संबंधित परीक्षा पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे। |
| 6 | आउटरीच वर्कर | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 75 अंक<br>2. पदानुरूप वांछित अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 25 अंक दिये जायेंगे। |
| 7 | रसोईया | 1 वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक<br>2. पदानुरूप वांछित अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 50 अंक दिये जायेंगे। |
| 8 | सहायक रसोईया | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुए अधिकतम 50 अंक<br>2. पदानुरूप वांछित अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 5 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 50 अंक दिये जायेंगे। |

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर मेरिट कम में 01 पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीद्वारों को लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट हेतु बुलाया जा सकेगा एवं यथा् आवश्यकता प्रति पद अधिकतम 03 उम्मीद्वारों को मेरिट कमानुसार इंटरव्यू के लिए भी बुलाया जा सकेगा।**

16. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग दुर्ग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.durg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

18. **अपात्र अथवा मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यार्थियों को चयन प्रकिया के किसी भी चरण में पृथक से कोई भी सूचना नहीं दी जायेगी।** चयन हेतु अगले कम हेतु पात्र अभ्यार्थियों को विभागीय सूचना पटल पर अथवा मेल अथवा एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाईल नं. का उल्लेख आवेदन पत्र में अनिवार्यतः किया जावें।

19. आवेदक का आवेदन दिनांक 28.07.2023 सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पांच बिल्डिंग परिसर, दुर्ग में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

7/7/23

जिला कार्यक्रम अधिकारी / सचिव
जिला बाल संरक्षण समिति
महिला एवं बाल विकास विभाग
दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. / 398 / मबावि / मिशन वात्सल्य / 2023–24 दुर्ग, दिनांक 07.07.2023

प्रतिलिपि :–

1. **कलेक्टर,** जिला–दुर्ग (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
2. **संयुक्त संचालक** (मिशन वात्सल्य), संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
3. **जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी,** जिला सूचना एवं विज्ञान केन्द्र दुर्ग, की ओर विज्ञापन की एक प्रति प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि इसे जिले की वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।
4. **उप संचालक,** जनसपर्क विभाग, जिला–दुर्ग (छ.ग.) की ओर स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के अनुरोध सहित प्रेषित।

7/7/23

जिला कार्यक्रम अधिकारी / सचिव
जिला बाल संरक्षण समिति
महिला एवं बाल विकास विभाग
दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

# मिशन वात्सल्य के तहत रिक्त पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो जिसमें हस्ताक्षरयुक्त का आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें |
|---|

प्रति,

.............................................................

.............................................................

.............................................................

1. आवेदित पद का नाम/संस्था का नाम :– ....................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ....................................................

   (अंग्रेजी में) :– ....................................................

3. पिता/पति का नाम :– ....................................................

4. स्थायी पता :– ....................................................

   ....................................................

   ....................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :– ....................................................

   ....................................................

   ....................................................मोबाईल नं. – ....................................................

6. जन्मतिथि (अंकों में) :– ....................................................

   (शब्दों में) :– ....................................................

7. दिनांक 01/01/2023 को आयु :– ....................................................

8. लिंग पुरूष/महिला :– ....................................................

9. वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) :– ....................................................

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :– ....................................................

    यदि हॉ तो संबंधित संस्था का नाम एवं :– ....................................................

    पूर्ण पता :– ....................................................

    ....................................................

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्ता :– ....................................................

    (संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें)

12. यदि आवेदक विवाहित है तो विवाह की तिथि :– ....................................................

    जीवित बच्चों की संख्या :– ....................................................

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– ..........................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ..........................................................................................

| क्र. | संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची (सत्यापित प्रति संलग्न करें) –

1. जन्मतिथि हेतु 10वीं की अंकसूची / प्रमाणपत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण

1............................................................................
2............................................................................
3............................................................................
4............................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

# घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकेगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

स्थान– ..........................................................................

दिनांक– ..........................................................................

# लिफाफे का प्रारूप

मिशन वात्सल्य (आईसीपीएस) के तहत आवेदित पद का नाम.........................................................................

प्रेषक का नाम पूर्ण पता

................................................

................................................

................................................

मो.नं...........................................

प्रति,

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**

महिला एवं बाल विकास विभाग

पांच बिल्डिंग परिसर, दुर्ग

जिला – दुर्ग, (छ.ग.)